प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार बुलेटिन
18.45 मंगलवार दिनांक 03.03.2026

मुख्य समाचारः—

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि मजबूत अर्थव्यवस्था के लिए भारत, विश्व के लिए आशा की किरण बना हुआ है— बजट उपरांत, वेबिनार में श्री मोदी का उद्योग जगत से गुणवत्ता पर ध्यान केंद्रित करते हुए अधिक निर्माण, उत्पादन और निर्यात करने का आग्रह।

- भारतीय जनता पार्टी ने राज्यसभा चुनाव के लिए नौ उम्मीदवारों की सूची जारी की—छत्तीसगढ़ से लक्ष्मी वर्मा को बनाया प्रत्याशी।

- इंडिया स्किल प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के युवाओं ने बारह पदक और चार मेडल ऑफ एक्सीलेंस सम्मान हासिल किए।

- प्रेम, भाईचारे और रंगों का त्यौहार होली कल मनाया जाएगा—शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए विभिन्न जिलों में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए।

<u>प्रधानमंत्री—वेबिनार</u>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि भारत मजबूत अर्थव्यवस्था के साथ विश्व के लिए आशा की किरण बना हुआ है। बजट के बाद 'आर्थिक विकास को सतत और सुदृढ़ बनाना' विषय पर आयोजित वेबिनार को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि तीव्र आर्थिक विकास विकसित भारत के दृष्टिकोण को साकार करने का आधार बन गया है।

आज जब भारत अपनी मजबूती इकोनॉमी से पूरे विश्व की उम्मीद बना हुआ है। ग्लोबल सप्लाई चैन रिशेप हो रही है। तब अर्थव्यवस्था की तेज प्रगति विकसित भारत का भी बहुत बड़ा आधार है। हमारी दिशा स्पष्ट है, हमारा संकल्प स्पष्ट है। बिल्ड मोर, प्रोड्यूस मोर, कनेक्ट मोर और एक्सपोर्ट मोर।

प्रधानमंत्री ने कहा कि दुनिया विश्वसनीय और लचीले विनिर्माण साझेदारों की तलाश में है। उन्होंने कहा कि भारत के पास इस दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का अवसर है।

मैन्युफैक्चरिंग लॉजिस्टिक्स हमारे एम.एस.एम.ई. लघु उद्योग कुटीर उद्योग, इतना ही नहीं हमारे छोटे बड़े शहर के अर्थव्यवस्था के पिलर्स के तौर पर दिखने में तो अलग–अलग लगते हैं, लेकिन वे सभी इंटरकनेक्टेड है। जैसे मजबूत मैन्युफैक्चरिंग, नए अवसर तैयार करती है और इससे निर्यात में बढ़ोत्तरी होती है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत ने कई देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौते किए हैं और देश के लिए अपार अवसरों के द्वार खुल गए हैं।

<u>राज्यसभा उम्मीदवार–सूची</u>

भारतीय जनता पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति ने राज्यसभा चुनाव के लिए नौ उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी है। छत्तीसगढ़ से लक्ष्मी वर्मा को प्रत्याशी घोषित किया गया है। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव और प्रभारी अरूण सिंह ने यह सूची जारी की है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने राज्यसभा चुनाव के लिए लक्ष्मी वर्मा को उम्मीदवार बनाए जाने पर उन्हें बधाई दी है। श्री साय ने कहा कि जनसेवा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता निश्चित ही सदन में प्रदेश की आकांक्षाओं को सशक्त स्वर प्रदान करेगी।

लक्ष्मी वर्मा का जन्म पांच जनवरी उन्नीस सौ सड़सठ को बलौदाबाजार में हुआ था। उन्होंने अपना राजनीतिक सफर वर्ष उन्नीस सौ चौरानवे में रायपुर नगर निगम चुनाव में पार्षद के रूप में शुरू किया। इसके बाद वे वर्ष दो हजार दस से दो हजार पंद्रह के बीच रायपुर जिला पंचायत की अध्यक्ष रहीं। वर्तमान में वे छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की सदस्य के रूप में कार्य कर रही हैं। उन्होंने वर्ष उन्नीस सौ नब्बे में भाजपा की प्राथमिक सदस्यता ली। इसके बाद वे संगठन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर रहीं।

गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ की दो सीटों सहित दस राज्यों की सैंतीस राज्यसभा सीटों के लिए इन दिनों नामांकन की प्रक्रिया चल रही है। नामांकन पत्र पांच मार्च तक दाखिल किए जा सकते हैं। छह मार्च को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। प्रत्याशी नौ मार्च तक अपना नाम वापस ले सकते हैं। वहीं, मतदान सोलह मार्च को होगा और इसी दिन परिणाम भी घोषित कर दिए जाएंगे।

इंडिया स्किल प्रतियोगिता

भारत सरकार के कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय द्वारा आयोजित इंडिया स्किल प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के युवाओं ने बारह पदक और चार मेडल ऑफ एक्सीलेंस सम्मान हासिल किए हैं। इन युवाओं ने ईस्ट ज़ोन रीजनल प्रतियोगिता में यह उपलब्धि प्राप्त की। यह प्रतियोगिता जिला, राज्य, रीजनल और राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित की जा रही है। राष्ट्रीय स्तर पर चयनित प्रतिभागियों को वर्ल्ड स्किल्स इंटरनेशनल के अंतर्गत भारत का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिलेगा।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने युवाओं को बधाई देते हुए कहा है कि छत्तीसगढ़ के युवा यह सिद्ध कर रहे हैं कि वे राष्ट्रीय ही नहीं, वैश्विक स्तर पर भी प्रतिस्पर्धा करने में सक्षम हैं।

ईस्ट जोन की रीजनल प्रतियोगिता का समापन कल दो मार्च को भुवनेश्वर में हुआ। इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ सहित ओडिशा, बिहार, पश्चिम बंगाल, झारखंड और अंडमान–निकोबार द्वीपसमूह के दो सौ से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

होली

प्रेम, भाईचारे और रंगों का त्यौहार होली कल मनाया जाएगा। होली पर्व के लिए बाजार रंगों से सज गए हैं। राजधानी रायपुर सहित प्रदेश के बाजारों में लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी है। लोग पिचकारी और रंग–गुलाल खरीदते नजर आ रहे हैं। विभिन्न जगहों पर होली मिलन समारोह का भी आयोजन किया जा रहा है।

रायपुर प्रेसक्लब द्वारा कल होली मिलन समारोह "रंगोत्सव" का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं है, बल्कि यह आपसी प्रेम, सद्भाव और भाईचारे को सुदृढ़ करने का पावन अवसर भी है। इस मौके पर पारंपरिक ढोल–नगाड़ों की धुन पर मुख्यमंत्री भी पत्रकारों के साथ फाग गीतों और होली के उल्लास में सहभागी बने।

मुख्यमंत्री श्री साय ने होली के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा है कि उल्लास, उमंग और आत्मीयता का यह महापर्व सभी के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि और नई ऊर्जा का संचार करें।

उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने भी प्रदेशवासियों को रंगों के त्योहार होली की बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

होली पर्व–शांति व्यवस्था

होली पर्व के दौरान शांति और कानून–व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रदेश में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। रायपुर, दुर्ग, राजनांदगांव और सारंगढ़–बिलाईगढ़ सहित विभिन्न शहरों में पुलिस ने फ्लैग मार्च किया।

जांजगीर–चांपा जिले में ड्रोन की मदद से संवेदनशील और भीड़भाड़ वाले इलाकों में नजर रखी जा रही है।

गौरेला–पेंड्रा–मरवाही जिले में भी प्रमुख चौराहों और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में पुलिस बल तैनात किया गया है। पुलिस द्वारा लगातार पेट्रोलिंग की जा रही है।

वहीं, मुंगेली जिले में आज से पांच मार्च तक विशेष निगरानी अभियान चलाया जाएगा। इसके तहत नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ 'जीरो टॉलरेंस'' की नीति अपनाई जाएगी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल ने बताया कि शराब पीकर वाहन चलाने या नाबालिगों द्वारा वाहन चलाते पाए जाने पर वाहन को तत्काल जब्त करने की कार्रवाई की जाएगी। सुरक्षा की दृष्टि से चेहरा ढकने वाले मुखौटों की बिक्री और उपयोग पर प्रतिबंध लगाया गया है। वहीं, सोशल मीडिया पर भ्रामक या अफवाह फैलाने वाली पोस्ट करने वालों पर आईटी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

होली–स्वास्थ्य विभाग

होली पर्व के दौरान सड़क दुर्घटनाओं तथा रंग–गुलाल से होने वाली स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को दृष्टिगत रखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने भी विभिन्न जिलों में विशेष तैयारियां की हैं।

गौरेला–पेंड्रा–मरवाही जिले के मुख्य चिकित्सा और स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर रामेश्वर शर्मा ने बताया कि त्योहार के दौरान अक्सर सड़क दुर्घटनाओं के मामले सामने आते हैं, जिसे ध्यान में रखते हुए जिला अस्पताल में विशेष व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि इमरजेंसी वार्ड में अतिरिक्त स्टाफ की ड्यूटी लगाई गई है।

हर्बल गुलाल

प्रदेश में इस बार भी हर्बल गुलाल की मांग काफी देखी जा रही है। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन–बिहान से जुड़कर स्व–सहायता समूह की महिलाएं हर्बल गुलाल का निर्माण कर रही हैं।

बलौदाबाजार–भाटापारा जिले के धमनी गांव की 'वंदनी स्व–सहायता समूह' की ग्यारह महिलाएं प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग कर हर्बल गुलाल तैयार कर रही हैं, जिसे बाजारों में स्टॉल लगाकर बेचा जा रहा है।

वहीं, सरगुजा जिले में स्व–सहायता समूहों की महिलाओं ने गेंदे और पलाश के फूल, चुकंदर, पालक भाजी, हल्दी और चंदन से गुलाल बनाकर उसे बिक्री के लिए उपलब्ध कराया है। राज्य शासन की बिहान योजना के अंतर्गत जिले की महिलाओं द्वारा तैयार हर्बल गुलाल को लोगों का अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है।

होलिका दहन

राजधानी रायपुर सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों में कल रात होलिका दहन किया गया। बस्तर के पारंपरिक होलिका दहन के अलावा दंतेवाड़ा का फागुन मंडई का होलिका दहन, माड़पाल और जगदलपुर का जोड़ा होलिका दहन भी विधि–विधान पूर्वक संपन्न हुआ।

सबसे पहले माड़पाल में होलिका दहन किया गया। इसके बाद बस्तर के अन्य स्थानों पर होलिका दहन करने की परंपरा है। माड़पाल में आयोजित होलिका दहन कार्यक्रम में पूर्व राजपरिवार के सदस्य कमलचंद भंजदेव शामिल हुए। वहीं, जगदलपुर में जोड़ा होलिका दहन के पहले भगवान श्री जगन्नाथ मंदिर से भगवान कृष्ण की पालकी निकाली गई। यह पालकी मावली माता मंदिर के सामने जोड़ा होलिका दहन स्थल पहुंची। यहां पर विधि–विधान पूर्वक गाजे–बाजे के साथ होलिका दहन किया गया। होलिका दहन के बाद लोगों ने एक–दूसरे को गुलाल लगाकर शुभकामनाएं दीं।

संक्षिप्त समाचार

- दुनिया के कई क्षेत्रों में आज पूर्ण चंद्रग्रहण दिखाई दिया। यह दुर्लभ खगोलीय घटना दोपहर तीन बजकर बीस मिनट पर शुरू होकर शाम छह बजकर सैंतालीस मिनट पर समाप्त हुई। भारत में यह चंद्रग्रहण केवल पंद्रह से बीस मिनट के लिए ही दिखाई दिया।

- नवा रायपुर स्थित शहीद वीरनारायण सिंह स्मारक सह जनाजातीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी संग्रहालय और जनजातीय संग्रहालय होली पर्व के अवसर पर चार और पांच मार्च यानी कल और परसों लोगों के लिए बंद रहेगा।

<><><><><>